हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, बुधवार 11 फरवरी 2026

तापमान
अधिकतम 27.9 डिग्री
न्यूनतम 7.2 डिग्री

'आरंगम–सारंग' में कला, संस्कृति और विचारों .. 11



लाढ़ौत रोड पर बदबूदार और मिट्टी वाले पानी की सप्लाई ... 12



## शहर में आज

- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर सुबह दस बजे
- 2 सुपवा में भारगम व सारंग उत्सव सुबह 10 बजे

**बिजली कट**

- सुबह 10.30 से दोपहर 03.30 बजे तक छोटू राम नगर, हनुमान कॉलोनी, सुखपुरा चौक, राजेंद्र नगर, प्रवेश नगर, सूर्य नगर, गोहाना रोड इत्यादि की लाइट बन्द रहेगी।
- सुबह 10:00 बजे से लेकर दोपहर 1:00 बजे तक 11 केवी अस्थल बोहर फीडर रोहतक पर मेंटेनेंस कार्य के चलते अस्थल बोहर, गढ़ी बोहर, मस्तनाथ नगर क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

## खबर संक्षेप

### मदविः दीक्षा का सहायक प्रोफेसर पद पर चयन



**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर मेडिकल बायोटेक्नोलॉजी की पीएचडी शोधार्थी दीक्षा का हरियाणा लोक सेवा आयोग (एचपीएससी) के माध्यम से सहायक प्रोफेसर (जूलॉजी) पद पर चयन हुआ है। उन्होंने हाल ही में रोहतक स्थित नेकीराम कॉलेज में अपने प्रथम पदस्थापन पर कार्यभार ग्रहण किया है। सेंटर फॉर मेडिकल बायोटेक्नोलॉजी के निदेशक डॉ. हरि मोहन सहित अन्य प्राध्यापकों ने दीक्षा को इस सफलता के लिए हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।



### एमडीयूः भूगोल विभाग में डॉ. राजेश का स्वागत

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर पद पर डॉ. राजेश दलाल के कार्यभार ग्रहण करने पर आज विभाग अध्यक्ष और शिक्षकों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। विभागाध्यक्ष वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. प्रमोद कुमार, वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. बिनू सांगवान, प्रो. सचिंदर सिंह, डॉ. प्रदीप कुमार सहित विभाग के शिक्षक, शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। विभागाध्यक्ष प्रो. प्रमोद कुमार ने डॉ. राजेश दलाल को फ्लावर पॉट एवं शॉल भेंट कर उनका स्वागत किया, जबकि शोधार्थियों ने बुके प्रदान कर शुभकामनाएं दीं।

### फायरिंग व फिरौती कांड का मुख्य आरोपी पकड़ा

**रोहतक।** पुलिस ने सुभाष रोड स्थित एस्सेसरीज दुकान संचालक से फिरौती मांगने और फायरिंग करने के सनसनीखेज मामले में मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपी को अदालत में पेश कर तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। 23 मई 2025 को आर्य नगर निवासी रचित की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। दो युवक मुंह पर कपड़ा बांधकर उसके ऑफिस आए और मोबाइल में एक युवक की फोटो दिखाकर उसके बारे में पूछताछ की। दोनों युवक बाइक पर वापस आए और पहले हवाई फायर किया, फिर रचित की ओर गोली चलाकर मौके से फरार हो गए। 9 फरवरी को आरोपी अमन पुत्र अमरजीत निवासी भैसवाल कलां, सोनीपत को गिरफ्तार किया गया।

---

## बुढ़ापा पेंशन बंद होने से परेशान काहनौर के महेंद्र अफसर से बोले

# बस ये 4 प्लॉट मेरे नाम कर दो, फिर रोक लो पेंशन

**सूरत-ए-हाल**
एक माह में पीपीपी में आय ज्यादा दिखाकर कई बुजुर्गों की काटी पेंशन

**सरकार का दावा**
किसी भी व्यक्ति की पेंशन नहीं रोकी गई, फैमिली आईडी में आय दुरुस्त करवाएं व पेंशन लें

**रोहतक।** बीते एक महीने से प्रदेश में सरकार द्वारा बुजुर्गों की पेंशन बंद करने के काफी मामले प्रकाश में आए हैं। पीड़ित बुजुर्ग अपनी शिकायतें लेकर अधिकारियों के पास इधर-उधर भटक रहे हैं। अफसर कर रहे हैं कि पेंशन बंद को लेकर वे अपने स्तर पर कुछ भी नहीं कर सकते हैं। क्योंकि पेंशन किसको देनी है और किसे नहीं, इसका निर्णय चंडीगढ़ में सरकार अपने स्तर पर करती है। ऐसा सुनकर बुजुर्गों की उम्मीदों पर पानी फिर जाता है। वे सरकार कोसते हैं। मंगलवार को लघु सचिवालय पहुंचे गांव काहनौर के दो वृद्धों ने अपनी व्यथा हरिभूमि से कुछ इस तरह से साझा की। मालूम रहे कि प्रदेश में वृद्धावस्था, विधवा और दिव्यांगजन पेंशन के लिए पारिवारिक आय सीमा 3 लाख रुपये सालाना से कम होनी चाहिए।

### केस 1: आप के नाम चार प्लाट



मेरी पेंशन बंद करने का सरकार ने कारण बताया है कि मैंने चार प्लॉट खरीद लिए हैं। जबकि मैंने तो 4 गज जमीन की भी रजिस्ट्री नहीं कराई। सरकार बेशक मुझे पेंशन के 3 हजार रुपये न दे, मुझे इसका कोई मलाल नहीं होगा। पर शर्त यह है कि सरकार मेरे नाम चार प्लॉटों की रजिस्ट्री करा दे। इनमें से एक प्लॉट को बेचकर उससे मिलने वाले ब्याज से ही मैं मौज कर लूंगा। ऐसा सिंह का कहना है। उन्होंने कहा कि हद है कि परिवार पहचान पत्र में सरकार अपनी मर्जी से आय बढ़ाकर पेंशन बंद कर देती है। ये कोई तरीका नहीं है। जब डेढ़ साल पहले विधानसभा के चुनाव हुए थे तो सरकार ने धड़ाधड़ लोगों की पेंशन शुरू कर दी। और तरह-तरह के बहाने तलाश कर पेंशन बंद की जा रही हैं। -महेंद्र सिंह

### केस 2: आपकी आय ज्यादा



इनकम ज्यादा होने का हवाला देकर पिछले महीने सरकार ने उनकी पेंशन बंद कर दी। बैंक खातों में बेटे-बेटी पोते-पोती लेनदेन करते हैं तो क्या वह मेरी इन्कम है। अपने खर्च चलाने के लिए बैंक से लेनदेन तो करेंगे ही। मैं तो पेंशन से अपना खर्चा चलाता था। अब उसे बंद कर दिया है तो मुझे परेशानी हो रही है। एक-एक रुपये के लिए बच्चों की तरफ देखना पड़ेगा। सरकार ने पेंशन बंद करके मेरे साथ अन्याय किया है।
-सरदार रणजीत सिंह

### केस 3: शर्त में बदलाव

गांव मोखरा के रणबीर सिंह समेत कई लोगों ने कहा कि हमें तो सरकार सिर्फ ये बता दे कि जब वर्ष 1987 में मुख्यमंत्री देवीलाल ने 100 रुपये प्रति महीने पेंशन की देने की शुरुआत की थी, उस समय ऐसा कोई प्रावधान नहीं किया गया था जिसकी ज्यादा इनकम होगी, उसे बुढ़ापा पेंशन नहीं दी जाएगी। वर्तमान सरकार ने पेंशन लेने की शर्त में फेरबदल क्यों किया। अगर पेंशन ही बंद करनी थी तो गत विधानसभा चुनाव से ठीक पहले करनी चाहिए थी, तब हम सरकार को हम शर्तें बदलने का सबक सिखाते।
-रणबीर सिंह गांव मोखरा

### अधिकारी बोले-पीपीपी में आय ठीक होने पर होगी बहाल पेंशन

पेंशन देने की शर्तें सरकार अपने स्तर पर करती है। जिन लोगों की पेंशन बंद हुई है, हम उनकी मदद कर रहे हैं। उन्हें बता रहे हैं कि किस कारण से पेंशन बंद की गई है। फैमिली आईडी में जब तक आय ठीक नहीं होगी तब तक दोबारा से पेंशन मिलनी शुरू नहीं होगी। जिला स्तर पर तो ये भी आंकड़ा नहीं होता है कि कितने लोगों की पेंशन बंद की गई है।
-महावीर प्रसाद गोदारा, जिला समाज कल्याण अधिकारी

---

## जींद बाईपास पर औषधि नियंत्रण विभाग के छापे से हड़कंप, एक मौके से गिरफ्तार

# स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़, मेडिकल स्टोर पर बिना पर्ची के बिक रहीं प्रतिबंधित दवाएं

**दवा की दुकान सील की, दी चेतावनी**

- *नशे के खिलाफ प्रशासन सख्त मेडिकल हाल पर प्रतिबंधित दवाइयों का जखीरा मिला*
- *टीम ने मौके से 310 टपेंटाडोल और 90 परिगाबालीन की गोलियां बरामद की*
- *जिला औषधि नियंत्रण अधिकारी मंदी बोले, नियम तोड़ने वालों को बख्शा नहीं जाएगा*

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

जिले में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जिला औषधि नियंत्रण अधिकारी मनदीप मान और उनकी टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जींद बाईपास स्थित सचिन मेडिकल हाल पर छापा मारा। गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस रेड में नशे में दुरुपयोग होने वाली कई प्रतिबंधित दवाएं बरामद की गईं। कार्रवाई के दौरान टीम ने मौके से एक नशेड़ी व्यक्ति को भी पकड़ा, जो कथित रूप से वहां से नशे की दवाएं खरीद रहा था।

### नशे की गोलियां बरामद

निरीक्षण के दौरान पाया गया कि दुकान पर विकास नामक सेल्समैन रजिस्टर्ड फार्मासिस्ट की अनुपस्थिति में दवाएं बेच रहा था। जांच में यह भी सामने आया कि वह बिना बिल के प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री कर रहा था, जो ड्रग एवं कॉस्मेटिक्स एक्ट के विभिन्न प्रावधानों का स्पष्ट उल्लंघन है। टीम ने मौके से 310 टपेंटाडोल और 90 परिगाबालीन की गोलियां बरामद कीं, जो नशे के रूप में दुरुपयोग के लिए जानी जाती हैं।





### अवैध दवा कारोबारियों में भय

इस कार्रवाई से जिले में नशा तस्करों और अवैध दवा कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। स्थानीय लोगों ने विभाग की इस कार्रवाई का स्वागत करते हुए कहा कि ऐसे कदमों से युवाओं को नशे की गिरफ्त में जाने से रोका जा सकेगा।

### कोई वैध बिल या रिकॉर्ड नहीं मिला

रेड के दौरान औषधि नियंत्रण विभाग ने दुकान में मौजूद कुल 16 प्रकार की दवाओं के खरीद-बिक्री से संबंधित दस्तावेज मांगे, लेकिन सेल्समैन विकास कोई वैध बिल या रिकॉर्ड पेश नहीं कर पाया। इसके बाद विभाग ने तत्काल कार्रवाई करते हुए सभी संदिग्ध दवाओं को जब्त कर लिया और आगे की जांच के लिए लैब में भेज दिया। लगातार नियमों की अवहेलना और गैरकानूनी गतिविधियों को देखते हुए संबंधित मेडिकल स्टोर को मौके पर ही सील कर दिया गया।

### बड़े नेटवर्क के माध्यम से की जा रही दवाई सप्लाई

विभाग की प्राथमिक जांच में यह संकेत मिला है कि इन प्रतिबंधित दवाओं की सप्लाई किसी बड़े नेटवर्क के माध्यम से की जा रही थी। अब जांच टीम उस मुख्य सरगना तक पहुंचने का प्रयास कर रही है, जो इन दवाओं की आपूर्ति में शामिल है।
अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही इस पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### दवाओं की अवैध बिक्री की सूचना प्रशासन को दें

औषधि नियंत्रण विभाग ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि यदि उन्हें कहीं नशे में दुरुपयोग होने वाली दवाओं की अवैध बिक्री की जानकारी मिले तो तुरंत प्रशासन को सूचित करें। विभाग ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी ऐसे मेडिकल स्टोर्स और नशा तस्करों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा, ताकि रोहतक जिले को नशा मुक्त बनाने के लक्ष्य को पूरा किया जा सके और युवाओं का भविष्य सुरक्षित रखा जा सके।

### नशे के खिलाफ अभियान जारी रहेगा

नशे के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा और ऐसे मेडिकल स्टोर्स के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी, जो नियमों की अनदेखी करते हुए नशे में इस्तेमाल होने वाली दवाओं की अवैध बिक्री करते हैं। उन्होंने कहा कि विभाग अब इस मामले की गहराई से जांच करेगा और उन लोगों तक भी पहुंचेगा, जो इन दवाओं की सप्लाई कर रहे हैं।
-मनदीप मान जिला औषधि नियंत्रण अधिकारी

---

## जलेबी चौक के पास भीषण हादसा

# ट्रक-ऑटो टक्कर में बीडीएस छात्र की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

जिले के आउटर बाईपास पर हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में राजस्थान में बीडीएस की पढ़ाई कर रहे एक छात्र की मौत हो गई। यह हादसा उस समय हुआ जब एक तेज रफ्तार ट्रक ने ऑटो को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद ऑटो में सवार युवक सड़क पर गिर गया और पीछे से आ रहे दूसरे ट्रक की चपेट में आ गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।

हादसा जलेबी चौक के पास तक्षशिला स्कूल के नजदीक हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ऑटो सामान्य गति से आगे बढ़ रहा था, तभी पीछे से आ रहे ट्रक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि ऑटो में बैठे गौरव संतुलन खोकर सड़क पर गिर पड़े। इसी दौरान पीछे से आ रहे दूसरे ट्रक की चपेट में आने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई। बता दें कि मृतक की पहचान जींद निवासी गौरव पुत्र अश्वनी के रूप में हुई है। गौरव राजस्थान के श्रीगंगानगर में बीडीएस का छात्र था।

### जल्द पकड़े जाएंगे आरोपी होगी सख्त कार्रवाई

आउटर बाईपास पर ट्रक और ऑटो की टक्कर में युवक की मौत की सूचना मिलने पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची थी। मृतक के परिजनों को सूचित कर दिया गया है और उनकी शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, संबंधित वाहनों और चालकों की पहचान कर जांच आगे बढ़ाई जा रही है। -राकेश सैनी एसएचओ शिवाजी कॉलोनी थाना

---

# इंद्रा कॉलोनीः मकान के ताले तोड़कर लाखों का समान चोरी

**सीसीटीवी में दिखे 4 संदिग्ध, परिवार गया था पटना**

*मालिक ड्यूटी पर था सुबह लौटने पर टूटा मिला घर का ताला*

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



इंद्रा कॉलोनी में चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए ताले तोड़कर लाखों रुपये के गहने, नकदी और कीमती सामान चोरी कर लिया। घटना की सूचना मिलते ही सिटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट और डॉग स्क्वायड टीम को बुलाकर घटनास्थल से सबूत जुटाए। पीड़ित रामनाथ, जो मूल रूप से पटना के रहने वाले हैं और रोहतक में यूपीएस कंपनी में कार्यरत हैं, ने बताया कि परिवार के सदस्य पटना गए हुए थे। वह अपने भाई के साथ रात की ड्यूटी पर गया था और घर के कमरों पर ताले लगाकर गया था। सुबह जब वह वापस लौटा तो कमरों के ताले टूटे हुए मिले और घर का सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर अलमारी में रखे सोने के जेवर, नकदी और दीवार पर लगी 42 इंच की एलईडी गायब मिली। पीड़ित के अनुसार चोर करीब 8 से 9 लाख रुपये के गहने और अन्य कीमती सामान चोरी कर ले गए। बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में चार संदिग्ध व्यक्ति घर में प्रवेश करते हुए दिखाई दे रहे हैं। सिटी थाना पुलिस ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। सीसीटीवी फुटेज कब्जे में लेकर आरोपियों की पहचान की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया जाएगा।

---

**जमीन अधिग्रहण मामला**

# सुप्रीम कोर्ट ने सरकार और विभाग को थमाया नोटिस

*ओम प्रकाश एवं अन्य बनाम हरियाणा राज्य मामले में याचिका स्वीकार*

**रोहतक।** गांव पहरावर की भूमि से संबंधित एक महत्वपूर्ण भूमि अधिग्रहण मामले में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अहम आदेश पारित किया गया। इस भूमि का अधिग्रहण सेक्टर-26 के विकास हेतु किया गया था। भूमि-मालिकों, किसानों की ओर से उपस्थित अधिवक्ता तुषार पाहवा द्वारा रखे गए तर्कों के बाद न्यायालय ने ओम प्रकाश एवं अन्य बनाम हरियाणा राज्य मामले में दायर विशेष अनुमति याचिका को स्वीकार करते हुए हरियाणा सरकार एवं संबंधित विभागों को नोटिस जारी किया है। यह भूमि राष्ट्रीय राजमार्ग-10 (एनएच-10) पर स्थित है तथा इसके आसपास अनेक प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान, टूरिस्ट कॉम्प्लेक्स एवं तिलयार झील स्थित हैं, जिससे भूमि की व्यावसायिक एवं आवासीय संभावनाएं अत्यंत उच्च हैं।

**इतनी जमीन का अधिग्रहण**

| | |
|---|---|
| खेड़ी साध: | 96.83 एकड़ |
| गढ़ी बोहर: | 16.86 एकड़ |
| पहरावर : | 224.57 एकड़ |
| कन्हेली : | 2 एकड़ |

---

# बख्शी से फिरौती मांगने के मामले में एफआईआर, गिरफ्तारी नहीं

**रोहतक।** शहर के चर्चित व्यापारी नेता हेमंत बख्शी से फिरौती मांगने के मामले में पुलिस को अब तक कोई ठोस सफलता नहीं मिल पाई है। हालांकि पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, लेकिन आरोपी तक पहुंचने में अभी तक कोई बड़ी प्रगति सामने नहीं आई है। इस बीच, व्यापारी नेता ने अपनी और परिवार की सुरक्षा को लेकर चिंता जताते हुए वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से विशेष सुरक्षा की मांग की है। बता दें कि व्यापारी हेमंत बख्शी को बीते कुछ दिनों से अलग-अलग मोबाइल नंबरों से कॉल आ रही थीं। कॉल करने वाला व्यक्ति खुद को रोहित गौदारा गैंग से जुड़ा बताता था।

### शोरूम और घर पर सुरक्षा व्यवस्था करने की मांग

हेमंत बख्शी ने एसपी और आईजी से मुलाकात कर अपने शोरूम और घर पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था करने की मांग की है। उनका कहना है कि उन्हें लगातार धमकियां मिल रही हैं। लगातार हो रही ऐसी घटनाओं से व्यापारियों में दहशत का माहौल है।

### हम जांच कर रहे

मामले को गंभीरता से लिया गया है और साइबर व तकनीकी टीमों की मदद से कॉल और संदेशों की जांच की जा रही है। पुलिस विभिन्न पहलुओं पर काम कर रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।
-सुरेंद्र भौरिया, एसपी रोहतक

---

### मदवि के 20 शोधार्थी पीएचडी के पात्र घोषित

**रोहतक।** मदवि ने विभिन्न संकायों में शोध कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर चुके 20 शोधार्थियों को पीएचडी उपाधि प्रदान करने संबंधी अधिसूचना जारी की है। यह निर्णय बोर्ड ऑफ एग्जामिनर्स एवं रिसर्च डिग्री कमेटी की संस्तुति पर कुलपति द्वारा अनुमोदित किया गया है। प्राणीशास्त्र विषय में शत्रुघन यादव एवं मानसी यादव, संजीत बूरा, बलवान सिंह एवं किरण को पीएचडी उपाधि प्रदान की गई है। विधि संकाय के अंतर्गत परमजीत और दीप्ति को कानून विषय में, भौतिक विज्ञान संकाय में गणित विषय में नीरज तथा रसायन विज्ञान विषय में अनिशा, श्रुति जैन, रेनु एवं निशिता को पीएचडी उपाधि के लिए पात्र घोषित किया गया है। प्रबंधन विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के अंतर्गत प्रबंधन विषय में गरिमा तथा वाणिज्य विषय में दीक्षा मेहंदीरत्ता और प्रिया यादव आदि शामिल हैं।

---

## मदवि के कुलपति प्रोफेसर राजबीर सिंह का 20 फरवरी 2026 तक है कार्यकाल

# बाहरी हो सकता है मदवि का नया कुलपति, नई व्यवस्था तक वीसी बने रह सकते हैं प्रो. राजबीर

***नए कुलपति की नियुक्ति को लेकर चर्चाएं तेज***

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) में कुलपति पद को लेकर एक बार फिर चर्चाएं तेज हो गई हैं। वर्तमान कुलपति प्रोफेसर राजबीर सिंह का कार्यकाल 20 फरवरी 2026 को समाप्त हो रहा है। इस बार यह भी चर्चा है कि मदवि का नया कुलपति हरियाणा से बाहर का हो सकता है। इस पद के लिए प्रदेश और पड़ोसी राज्यों के कई शिक्षाविद सक्रिय हो चुके हैं। ईसी की कमेटी में दो सदस्य सर्च कमेटी के लिए चुने गए हैं। साथ ही कुलपति पद के लिए आवेदन निकाला गया है। जानकारी के मुताबिक, प्रोफेसर राजबीर सिंह 21 फरवरी 2020 से नियमित रूप से एमडीयू के कुलपति के रूप में कार्यरत हैं। उनके पहले कार्यकाल के बाद फरवरी 2023 में उन्हें तीन वर्ष का सेवा विस्तार दिया गया था, जो 20 फरवरी 2026 तक मान्य है। अब एक बार फिर कुलपति पद के लिए विश्वविद्यालय और उच्च शिक्षा विभाग के गलियारों में चर्चाएं चल रही हैं। सूत्रों का कहना है कि यदि मौजूदा कुलपति को विस्तार नहीं दिया जाता है, तो इस बार हरियाणा से बाहर के किसी शिक्षाविद को भी मदवि का कुलपति नियुक्त किया जा सकता है। इसको लेकर भी चर्चाओं का दौर जारी है।





### छह साल से कार्यरत हैं प्रो. राजबीर सिंह

फरवरी 2023 में हरियाणा के राज्यपाल एवं महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के तत्कालीन कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय ने एमडीयू एक्ट 1975 के प्रावधानों के तहत प्रोफेसर राजबीर सिंह को 21 फरवरी 2023 से तीन वर्ष की अवधि के लिए सेवा विस्तार प्रदान किया था। इस संबंध में अधिसूचना हरियाणा राजभवन की ओर से जारी की गई थी।

### ईसी मीटिंग में चुने गए थे दो सदस्य

मदवि की कार्यकारी परिषद (ईसी) की बैठक में नए कुलपति के चयन के लिए सर्च कमेटी हेतु कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा और गुरुग्राम विवि के कुलपति प्रो दिनेश कुमार के नामों की सिफारिश की गई है। यह प्रक्रिया नए कुलपति की नियुक्ति की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसके बाद राजभवन को नामों का पैनल भेजा जाएगा। सर्च कमेटी की भूमिका मदवि के कुलपति की नियुक्ति के लिए सर्च कमेटी राज्य सरकार, विश्वविद्यालय और अन्य संबंधित पक्षों के प्रतिनिधियों से गठित होती है। नामों का पैनलः ईसी द्वारा अनुशंसित नामों पर अंतिम निर्णय राजभवन द्वारा लिया जाएगा।

### शिक्षा का नव-निर्माणः एमडीयू रच रहा शैक्षणिक परिवर्तन का नया अध्याय

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय भारतीय शिक्षा की आत्मा को आधुनिक दृष्टिकोण से जोड़ते हुए शैक्षणिक नव-निर्माण की एक प्रेरणादायी यात्रा तय कर रहा है। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह के दूरदर्शी नेतृत्व में विश्वविद्यालय अब केवल डिग्रियां प्रदान करने वाला संस्थान न रहकर एक जीवंत, परिवर्तनकारी और समाजोन्मुख शिक्षण केंद्र के रूप में अपनी सशक्त पहचान बना रहा है। इस व्यापक परिवर्तन की नींव भारतीय ज्ञान परंपरा पर आधारित उस दृष्टि में निहित है, जो परंपरा और प्रगति के संतुलन को महत्व देती है। इसी उद्देश्य से विश्वविद्यालय में भारतीय ज्ञान प्रणाली केंद्र की स्थापना की गई है, जिसे पांच करोड़ रुपये के समर्पित शोध कोष से सशक्त किया गया है। यह केंद्र भारत-केंद्रित पाठ्यक्रमों के विकास के माध्यम से प्राचीन ज्ञान और आधुनिक विज्ञान के समन्वय को बढ़ावा दे रहा है। वहीं महर्षि दयानंद एवं वैदिक अध्ययन केंद्र वैदिक चिंतन की तार्किक और वैज्ञानिक व्याख्या को संरक्षित व प्रचारित कर रहा है। यौगिक अध्ययन केंद्र योग को केवल साधना नहीं बल्कि समग्र स्वास्थ्य, जीवनशैली और बहुविषयक विज्ञान के रूप में स्थापित करने की दिशा में कार्य कर रहा है।

---

# आज काम पर लौटेंगे तहसीलदार, लोगों को मिलेगी राहत

**रोहतक।** पटवारियों के बाद मंगलवार को तहसीलदारों की हड़ताल भी सरकार द्वारा मांग स्वीकार करने के बाद खत्म हो गई। जिससे सरकार को बड़ी राहत मिली है। बुधवार को नौ दिन बाद जिले का राजस्व विभाग पटरी पर आएगा। क्योंकि 2 से 4 फरवरी तक पटवारी और इसके बाद 5 से 10 फरवरी तक तहसीलदार हड़ताल पर रहे। जिसकी वजह से प्रशासनिक व्यवस्था पर काफी असर पड़ रहा था। न तो लोगों की रजिस्ट्री हो रही थी और न ही दूसरे प्रमाणपत्र।

हालांकि कुछ अधिकारियों ने लोगों की समस्याओं को देखते हुए प्रमाणपत्र इश्यू किए। राजस्व विभाग के मुताबिक रोहतक जिले में इस समय तकरीबन 350 रजिस्ट्री बकाया हैं। इन पर बुधवार को तहसीलदार साइन करेंगे। तहसीलदार और नायब तहसीलदार की मांग थी कि बिना प्रारंभिक जांच के सीधे एफआईआर/गिरफ्तारी पर रोक लगाई जाए। काम के दौरान सुरक्षा, स्टाम्प शुल्क मामलों में कानूनी प्रक्रिया और पदोन्नति को लेकर भी तहसीलदार सरकार से नाराज थे।



# पड़ोसी को बिग बी ने घर बुलाकर जीत लिया दिल

**नई दिल्ली।** निर्मित जेसरानी पहली बार चर्चा में तब आए, जब उनके पड़ोसी महानायक अमिताभ बच्चन के 'संडे दर्शन' का एक वीडियो वायरल हुआ। वह घर की खिड़की से अमिताभ बच्चन को उनके फैंस को निहार रहे थे। इसके बाद मामला तब मजेदार हो गया, जब अमिताभ बच्चन ने भी पलटकर निर्मित को देखा और हाथ हिलाकर अभिवादन किया। अब किस्मत इस पड़ोसी पर और मेहरबान हुई। बिग बी ने उन्हें सीधे अपने घर बुलाया। निर्मित ने इस बार जलसा के अंदर से संडे दर्शन देखा और इस रस्म को करीब से महसूस किया। यह सुनने में एक छोटी सी बात जरूर लग सकती है, लेकिन अमिताभ बच्चन के इस अंदाज ने उनका दिल छू लिया।

लाइफ Style

# मोनालिसा

## द डायरी ऑफ मणिपुर में मटकती-इठलाती दिखीं

महाकुंभ मेले में वायरल हुई मोनालिसा ने एक साल बाद प्रयागराज में माघ मेले में भी वापसी की। लेकिन, मोनालिसा ने बॉलीवुड में भी एक्ट्रेस के तौर पर वापसी की है। पिछले साल के बाद इंटरनेट पर सनसनी बन चुकीं माला बेचने वाली मोनालिसा एक्टर राजकुमार राव के भाई अमित राव के साथ फिल्म 'द डायरी ऑफ मणिपुर' में नजर आएंगी, जिसका टीजर रिलीज हो चुका है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

गांधीगिरी (2016) और शशांक (2023) जैसी फिल्मों के लिए मशहूर डायरेक्टर सनोज मिश्रा की निर्देशित इस फिल्म को मोनालिसा की रील वायरल होने के बाद ही उन्हें ऑफर किया गया था। फिल्म की शूटिंग पूरी होने के बाद, टीम मां गंगा का आशीर्वाद लेने के लिए भी गई थी। अब इसका टीजर आउट हो चुका है। द डायरी ऑफ मणिपुर के टीजर की शुरुआत मोनालिसा से ही होती है। उसकी कजरारी आंखों की झलक से लेकर उसका डांस और अदाएं सबकुछ देखने लायक है। मोनालिसा की इस फिल्म की कहानी भी दमदार लग रही है, जिसमें मणिपुर के पुराने इतिहास और पॉलिटिक्स के बारे में दिखाया गया है। सारे एक्टर्स मंझे हुए लग रहे हैं। पहली फिल्म के हिसाब से और बिना किसी एक्टिंग की लंबी ट्रेनिंग के मोनालिसा का काम भी अच्छा है। लोगों ने भी उनकी खूब तारीफ की है। ये मोनालिसा की पहली फिल्म है। इससे पहले सनोज मिश्रा ने फिल्म को लेकर जानकारी शेयर की थी और मोनालिसा के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, 'हमने फिल्म 'द डायरी ऑफ मणिपुर' की शूटिंग चार चरणों में शुरू की – पहले इटावा (उत्तर प्रदेश) में, फिर मणिपुर में, जहां हमने कई जगहों पर फिल्म की शूटिंग की।



## हॉलीवुड मसाला



# निक पर चढ़ा हिंदू धर्म का रंग

**लॉस एंजिल्स।** प्रियंका चोपड़ा के पति निक जोनस ने बताया कि वह हिंदू धर्म और भारतीय संस्कृति से बहुत प्रभावित हैं। निक ने कहा कि वह अपनी बेटी को भी भारतीय संस्कृति और संस्कारों वाली परवरिश दे रहे हैं। बॉलीवुड की देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा और अमेरिकी सिंगर निक जोनस को इंडस्ट्री के सबके आइकॉनिक पावर कपल्स में गिना जाता है। निक जोनस का भारत और यहां के कल्चर के प्रति प्यार हमेशा ही उनके बयानों में झलकता रहा है।



# बॉयफ्रेंड से बूढ़ी दादी की तरह कपड़े पहनकर मिलती थीं

**लॉस एंजिल्स।** के-पॉप स्टार ब्लैकपिंक की रोजे ने खुलासा किया है कि उन्होंने अपने एक्स लवर से छिपकर मिलने के लिए एक मजेदार तरीका निकाला था। लोगों को उनके बारे में कुछ पता न लगे इसके लिए वो पूर्व प्रेमी से बूढ़ी दादी की तरह कपड़े पहनकर मिला करती थीं। रोजे ने बातचीत में बताया कि कैसे वो अपने रिश्ते को फैन्स और पपराजी से बचाने के लिए एक बुजुर्ग महिला का वेश धारण किया करती थीं। उन्होंने बताया कि डेटिंग के दौरान पकड़े जाने के डर ने उन्हें इस तरह से अपना हुलिया बदलने के लिए मजबूर कर दिया। इतना ही नहीं, 28 साल की सिंगर ने बताया कि पहचान छिपाने के लिए उन्होंने एक पूरी अलमारी ही उन तरह के कपड़ों के लिए बना ली थी जिसमें उम्रदराज महिला के लुक में बदलने के लिए जरूरी सारी चीजें वो रखा करती थीं।



# एआई से इमेज बदलना बहुत डिस्टर्बिंग

**मुंबई।** आजकल एआई से किसी फोटो या वीडियो को एडिट करना कोई बड़ी बात नहीं है। एडिट होने के बाद भी आप असली और एडिट किए हुए फोटो में फर्क नहीं बता सकते। इसी को लेकर एक्ट्रेस आयशा खान ने खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि कैसे उनके फोटो और वीडियो एआई से एडिट करके वायरल किए जाते हैं। जो देखने में बिल्कुल असली लगते हैं। आयशा खान ने कहा कि उन्हें खुद कई ऐसे बदले हुए फोटो सोशल मीडिया पर मिले हैं, जो देखने में बहुत असली लगते हैं। इन तस्वीरों को देखकर उन्हें काफी दुख होता है और डिस्टर्बिंग लगता है। आयशा ने कहा, 'एआई वाली चीज बहुत डरावनी हो गई है। इंटरनेट पर महिलाओं को सेक्सुअलाइज करने के लिए ऐप बनाना बहुत ही खतरनाक है।




# विक्रांत और तमन्ना ने फ्री में किया काम

**मुंबई।** मकबूल, ओमकारा और हैदर जैसी फिल्में बनाने वाले निर्देशक विशाल भारद्वाज अब 'ओ रोमियो'लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म में एक बार फिर विशाल भारद्वाज शाहिद कपूर के साथ काम कर रहे हैं। हालांकि, फिल्म में एक बड़ी स्टारकास्ट नजर आएगी। इसमें नाना पाटेकर, अविनाश तिवारी, तृप्ति डिमरी, दिशा पाटनी, तमन्ना भाटिया और विक्रांत मैसी जैसे कलाकारों के नाम शामिल हैं। अब विशाल भारद्वाज ने फिल्म से जुड़ा एक बड़ा खुलासा किया है, जिसमें उन्होंने उन कलाकारों के बारे में बताया जिन्होंने फिल्म में बिना एक भी पैसा लिए काम किया है। उन्होंने बताया कि ओ रोमियो में विक्रांत और तमन्ना ने फ्री में काम किया है। व्यस्त कार्यक्रम और बढ़ती मांग के बावजूद विक्रांत ने फिल्म के लिए लगभग आठ से नौ दिनों तक शूटिंग की।

## टीवी मसाला



# कभी रहीं टीवी की क्वीन, आज 1000 फीस लेकर चला रहीं घर

**नई दिल्ली।** कभी ग्लैमर वर्ल्ड पर राज करने वालीं अदाकारा आज 1000 रुपए में गुजारा कर रही हैं। यह हसीना हैं 90 दशक की फेमस टीवी पर्सनैलिटी रूबी भाटिया। रूबी भाटिया ने हिट फिल्मों में अदाकारी दिखाई और फिर टीवी होस्टिंग के जरिए खूब नाम कमाया। वह पहली वीडियो जॉकी थीं। फिल्मों में अदाकारी के लिए वह टीवी शोज को होस्ट करती थीं। वह अपने दौर की हाइएस्ट पेड होस्ट्स में से एक थीं। 90 के दशक में कामयाबी हासिल करने के बाद रूबी भाटिया ने अचानक इंडस्ट्री से किनारा कर लिया था। शादी के बाद वह अपने परिवार के साथ एक सिंपल लाइफ जी रही थीं कि तभी उन्हें अपना गुजारा करने के लिए 1000 रुपए फीस में काम करना शुरू किया। इन दिनों रूबी भाटिया का एक वीडियो सोशल मीडिया पर धड़ल्ले से वायरल हो रहा है जिसमें वह 1000 रुपए फीस लेकर काम मांगती हुई नजर आई थीं। इस वीडियो को देख लोगों ने उनके फाइनेंशियल स्टेटस पर चिंता जताने लगे हैं। कभी एक शो के एक लाख रुपए कमाने वालीं रूबी का यूं 1000 हजार रुपए में काम मांगना लोगों के लिए शॉकिंग था। कुछ समय पहले ही रूबी भाटिया ने खुलासा किया था कि 20 सालों तक वह अपनी फैमिली के साथ एक शांत जिंदगी बिता रही थीं। वह अपने परिवार के साथ लोखंडवाला आती रहती थीं। जिस घर में वह रहती थीं, वह 30 साल पुराना था।

## लाफ्टर शेफ्स में जैस्मिन ने मारी एंट्री

**नई दिल्ली।** 'लाफ्टर शेफ्स सीजन 3' के कंटेस्टेंट्स शो में खूब धूम मचा रहे हैं और इसी के साथ नया प्रोमो भी रिलीज कर दिया गया है। इसमें



जैस्मिन भसीन बॉयफ्रेंड अली गोनी को सरप्राइज देने शो में आती हैं। साथ ही, समर्थ और अभिषेक हर किसी को देखकर जल-भून जाते हैं। जैस्मिन के अली गोनी को सरप्राइज देने के साथ ही, अंकिता लोखंडे-विक्की जैन, करण कुंद्रा-तेजस्वी प्रकाश और कश्मीरा शाह-कृष्णा अभिषेक जैसे कपल्स एक-दूसरे के प्रति अपना प्यार जताते हैं। अली कहते हैं, 'मैं बहुत भाग्यशाली हूं कि वह मेरे जीवन में है।' इसके बाद दोनों साथ में डांस करते हैं और एक-दूसरे को गले लगाते हैं। करण कुंद्रा तेजस्वी प्रकाश को फूल देते हैं और उनसे प्यार का इजहार करते हैं। प्रोमो में अभिषेक कुमार और समर्थ जुरेल धोती पहने लाठी लेकर आते हैं। प्रोमो जारी होते ही, फैंस ने कमेंट सेक्शन में रिएक्ट किया है। कुछ ने जैस्मिन की एंट्री पर एक्साइटमेंट दिखाया, वहीं कुछ अभिषेक और समर्थ के रिएक्शन पर मजे ले रहे हैं।

# नदिया के पार की गुंजा को 44 साल बाद पहचाना हुआ मुश्किल...

**नई दिल्ली।** अभिनेता सचिन पिलगांवकर के साथ फिल्म नदिया के पार में नजर आने वालीं अभिनेत्री साधना सिंह अपने समय में काफी लोकप्रिय रहीं। इस मूवी में गुंजा की भूमिका अदा कर उन्होंने देश के कोने-कोने तक अपनी पहचान बनाई। लेकिन अब चार दशक बाद वह कहां और क्या करती हैं, इसके बारे में बहुत कम लोगों को जानकारी है। बदलते वक्त के साथ-साथ अब उनका लुक भी काफी हद तक बदल गया है।



***बदला लुक*** : 1982 में रिलीज होने वाली नदिया के पार हिंदी सिनेमा की कल्ट क्लासिक फिल्म मानी जाती है। साधना सिंह ने बड़ी ही बेहतरीन तरीके से गुंजा के किरदार को अदा किया और अमर कर दिया। एक वक्त पर अपनी बेबाक खूबसूरती के लिए मशहूर होने वाली साधना का लुक काफी बहुत बदल गया है। साधना सिंह के ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर मौजूद उनकी इन लेटेस्ट तस्वीरों को देखकर ये अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। बढ़ती उम्र के साथ उनकी काया पूरी तरह पलट गई है। हालांकि, उनकी चेहरे की सादगी अब भी नदिया के पार के गुंजा की तरह बरकरार है। एक्टिंग के अलावा अब साधना सिंह एक फैशन डिजाइनर के तौर पर मुंबई में बुटीक भी चलाती हैं। आपको बता दें कि साधना ने फिल्म निर्माता राजकुमार शाहाबादी के साथ रचाई और इनकी एक बेटी भी है, जिसका नाम शानी शाहाबादी है। अपने परिवार के साथ साधना सिंह मायानगरी में हंसी खुशी रहती हैं।

***इन फिल्मों के लिए मशहूर हैं***

साधना सिंह ने बतौर एक्ट्रेस हिंदी सिनेमा में लंबी पारी खेली है। नदिया के पार से बतौर अभिनेत्री अपने करियर का आगाज करने वालीं साधना कई शानदार मूवीज में नजर आईं, जिनके नाम इस प्रकार हैं- ससुराल, पिया मिलन, ये कैसा फर्ज, तुलसी, दुर्गा मां, परिवार, फलक, प्यार का सावन, मुक्केबाज, सुपर 30। बता दें आखिरी बार बड़े पर्दे पर बतौर एक्ट्रेस साधना सिंह साल 2019 में रिलीज होने वाली फिल्म जिंदगी तुमसे ही में नजर आई थीं। इसके अलावा उन्होंने कई वेब सीरीज और टीवी सीरियल्स में भी काम किया है।

# सिफारिश लगाने वालों पर भड़के विशाल, नए गायकों को दी ये सलाह

**नई दिल्ली।** मशहूर सिंगर और कंपोजर विशाल ददलानी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है। इसमें वे नए गायकों को यह सुझाव देते दिखे हैं कि उनसे मिलने के लिए वे किसी मंत्री या किसी अन्य शख्सियत का सहारा न लें। संघर्ष के दिनों में लोग काम पाने के लिए किसी की सिफारिश लगवाने का विकल्प चुन लेते हैं। मगर, विशाल ददलानी ने ऐसा करने वालों को सलाह दे डाली है। इतना ही नहीं, विशाल का कहना है कि किसी मंत्री से सिफारिश लगवाने वाले को उन्होंने ब्लॉक भी कर दिया है। सिंगर ने इसे लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर किया है। विशाल ददलानी ने आज सोमवार को अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होने लिखा है, 'नए गायकों के लिए कुछ सलाह। किसी मंत्रीजी या उनके सेक्रेटरी से मुझे फोन मत करवाना। अगर ऐसा करते हो तो इतना पक्का है कि मुझसे कभी मिल नहीं पाओगे। जो लोग 'कॉन्टैक्ट्स' के जरिए आगे बढ़ने की कोशिश करते हैं, उनके लिए मेरे मन में जरा भी इज्जत नहीं है। जिस बंदे ने अभी-अभी यह कोशिश की, मंत्री-जी अब ब्लॉक हो गए हैं और तुम भी। अब, भले ही तुम बहुत अच्छे सिंगर हो, मुझे तुम्हारे साथ काम करने में कोई दिलचस्पी नहीं है। सॉरी'। 'अपनी प्रतिभा पर विश्वास रखें प्लीज। कड़ी मेहनत करने के लिए तैयार रहें और साथ ही धैर्य रखें। अगर आप अच्छे हैं, तो आपका समय जरूर आएगा। सिफारिश वाली चीजें न करें। यह एक बोरिंग पुरानी बात है। और, सबसे बड़ी बात कि यह सिर्फ यही बताता है कि आपको अपनी प्रतिभा पर भरोसा नहीं है'। विशाल ददलानी की इस बात पर नेटिजन्स तारीफ कर रहे हैं और सहमति जता रहे हैं। एक यूजर ने पूछा कि आपसे किस तरह मिला जा सकता है? इस पर विशाल ने जवाब दिया, 'बस अपना म्यूजिक रिलीज करो। अगर यह अच्छा है, तो यह मुझ तक जरूर पहुंचेगा। साथ ही, मैं हर हफ्ते नए आर्टिस्ट्स को खोजने के लिए एक प्लेटफॉर्म बनाने की प्रकिया में हूं।



## शेखर कपूर की थी पहली फिल्म, जिसे उन्होंने किया था डायरेक्ट

# मासूम की रिलीज से 5 दिन तक खाली रहे थिएटर, दूसरे हफ्ते हुआ चमत्कार

***नई दिल्ली।*** *सदाबहार सुपरहिट फिल्म 'मासूम' (1983) तो तभी को याद होगी। 'मासूम' वो फिल्म थी जो रिलीज के समय शुरुआती दिन में फ्लॉप घोषित हो गई थी।सिनेमाघर खाली थे और थिएटर मालिकों ने फिल्म लगाने तक के लिए मना कर दिया था, लेकिन फिर भी फिल्म कल्ट क्लासिक रही। अब फिल्म के निर्देशक शेखर कपूर ने फैसला लिया है कि वे फिल्म का दूसरा पार्ट नई जनरेशन के साथ बनाने के लिए तैयार हैं। सदाबहार सुपरहिट फिल्म 'मासूम' शेखर कपूर की पहली फिल्म थी, जिसे उन्होंने डायरेक्ट किया था, लेकिन अभिनेता ने इस फिल्म के बाद आगे फिल्में डायरेक्ट न करने का फैसला लिया था, लेकिन फिल्म से जुड़ी एक घटना ने उनकी जिंदगी में बड़ा बदलाव ला दिया। निर्देशक ने खुद फिल्म से जुड़ा किस्सा शेयर किया है। रिलीज के पहले दिन, मैं मुख्य सिनेमाघर गया और पूरे सिनेमा हॉल में सिर्फ दो लोग थे और उनमें से एक मैं था। मासूम के पहले दिन के पहले शो को छोड़कर, हॉल पूरी तरह खाली था!*



### 'मासूम' को देखने पहुंची थी भीड़

उन्होंने आगे लिखा, 'रिलीज के बाद शनिवार, रविवार, सोमवार, मंगलवार, और बुधवार को भी सिनेमाघर खाली रहे। नौबत ये आ गई कि फिल्म के डिस्ट्रीब्यूटर्स ने फिल्म तो लगाने से इनकार कर दिया। मैं मुंबई की सड़कों पर घूमता रहा और सोचता रहा कि अब मैं अपनी जिंदगी में आगे क्या करूंगा, क्योंकि फिल्में बनाना अब मेरे लिए मुमकिन ही नहीं था, लेकिन गुरुवार को कुछ अजीब हुआ। गुरुवार को एक सिनेमा हॉल पूरी तरह भर गया और फिर शुक्रवार को टिकट खरीदने के लिए लोगों की लंबी लाइनें लग गईं। एक हफ्ते में फिल्म ने सारी भरपाई कर ली।' लेकिन गुरुवार को कुछ अजीब हुआ। गुरुवार को एक सिनेमा हॉल पूरी तरह भर गया और फिर शुक्रवार को टिकट खरीदने के लिए लोगों की लंबी लाइनें लग गईं। एक हफ्ते में फिल्म ने सारी भरपाई कर ली।

### शेखर कपूर ने सुनाया मासूम का किस्सा

उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'रिलीज के पहले दिन, मैं मुख्य सिनेमाघर गया और पूरे सिनेमा हॉल में सिर्फ दो लोग थे और उनमें से एक मैं था। मासूम के पहले दिन के पहले शो को छोड़कर, हॉल पूरी तरह खाली था! बाहर मुझे कुछ गुस्से में दिख रहे लड़कों ने घेर लिया; जब उन्हें पता चला कि मैं निर्देशक हूं, तो उन्होंने कहा कि मैंने उनके पैसे बर्बाद कर दिए और उन्होंने मुझे आर्टिकल फिल्म न बनाने की सलाह दी। उनका आर्टिकल से मतलब था आर्टिस्टिक फिल्म।'

### 'मासूम-नेक्स्ट जेनेरेशन' बनाएंगे शेखर

उस गुरुवार को क्या हुआ ये निर्देशक आज तक पता नहीं लगा पाए, लेकिन अब वह 'मासूम-नेक्स्ट जनरेशन' बनाने जा रहे हैं। फिल्म में नसीरुद्दीन शाह और शबाना आजमी लीड रोल में थे, और फिल्म में एक सौतेले मासूम बच्चे की कहानी को मार्मिक तरीके से दिखाया गया है। अब अगले पार्ट में क्या नया देखने को मिलेगा, ये तो आगे आने वाला समय ही बता पाएगा।

## विश्व के सबसे बड़े थिएटर फेस्टिवल भारत रंग महोत्सव का 25वां संस्करण

# ‘भारंगम–सारंग’ में कला, संस्कृति और विचारों का अद्भुत संगम

### दूसरे दिन ‘सांदल बार’ ने इतिहास की पीड़ा उकेरी, तीसरे दिन होगा कविता, संवाद और ‘उमर का परवाना’ का मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक




रोहतक। दीप प्रज्वलित करते अतिथि और कार्यक्रम प्रस्तुत करते प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि

नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा (एनएसडी) की ओर से आयोजित विश्व के सबसे बड़े थिएटर फेस्टिवल भारत रंग महोत्सव (भारंगम) के 25वें संस्करण के तहत दादा लख्मी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (डीएलसीसुपवा) में कला, संस्कृति और विचारों का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। चार दिवसीय इस नाट्य उत्सव में डीएलसीसुपवा को चार नाटकों की मेजबानी का अवसर मिला है। इसी क्रम में दूसरे दिन दर्शकों को पंजाब और तमिलनाडु के कलाकारों की सशक्त प्रस्तुतियों ने गहराई से प्रभावित किया।

सारंग’ में सुबह के सत्र में अभिनेता यशपाल शर्मा व जतिन सरना मुख्य रूप से मौजूद रहे। कुलगुरू डॉ अमित आर्य व रजिस्ट्रार गुंजन मलिक मनोचा के साथ अतिथियों का स्वागत किया और ‘सारंग’ के दूसरे दिन का आगाज किया। पहले दिन मंच पर विशिष्ट अतिथियों के संवाद सत्र का आयोजन किया गया। इस दौरान यशपाल शर्मा व जतिन सरना ने थियेटर और अभिनय के बारे में बात करते हुए अपने अनुभव साझा किए। थिएटर डायरेक्टर लक्ष्मी रावत ने भी रंगमंच को लेकर अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश भर में थियेटर से जुड़ी हस्तियों को सम्मानित किया गया। दोपहर के सत्र में तमिल व अंग्रेजी भाषा में नाटक ‘पेन नदई कूथु - महिलाओं की चाल’ का मंचन हुआ। इसके साथ ही डीएलसीसुपवा के छात्रों ने भी अपनी अलग-अलग प्रस्तुति देकर दर्शकों को आनंदित किया।

#### बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश देता है नाटक

तीसरे दिन का मुख्य आकर्षण नाटक ‘उमर का परवाना’ रहेगा, जिसका मंचन बठिंडा स्थित केंद्रीय विश्वविद्यालय पंजाब द्वारा किया जाएगा। विजयदान देथा द्वारा लिखित और डॉ. आदिश कुमार वर्मा के निर्देशन में यह नाटक प्रेम, दुख और इंसाफ की लोककथा पर आधारित है। हिंदी भाषा में प्रस्तुत होने वाला यह नाटक अच्छाई की बुराई पर विजय का संदेश देता है।

#### अभिनेता के लिए पढ़ना, देखना व समझना जरूरी

अभिनेता जतिन सरना ने कहा कि यह एक बहुत ही प्यारा दौर है, जहां पर अच्छा काम करने व सीखने की अपार संभावनाएं हैं। किसी भी अभिनेता को अच्छा करने के लिए पढ़ना, देखना व समझना बहुत जरूरी है। ऐसा नहीं है कि आप एक दो नाटक करने या कुछ जगह अभिनय करके ही तैयार हो जाते हैं, अच्छा अभिनेता बनने के लिए समय देना जरूरी है। इसलिए नियमित प्रैक्टिस करना भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि सुपवा एक शानदार संस्थान है, जहां एक ही छत के नीचे सभी सुविधाएं छात्रों को मिल रही हैं।

**शब्दों, कविता व लोककथा को समर्पित रहेगा तीसरा दिन**

बुधवार को ‘भारंगम’ और ‘सारंग’ का तीसरा दिन शब्द, कविता और संवाद को समर्पित रहेगा। शुरुआत पंजाब के थिएटर निर्देशक केवल धालीवाल के साथ संवाद से होगी। इसके बाद डीएलसीसुपवा के छात्र बैंड प्रस्तुति, म्यूजिकल कविता पाठ और ‘शब्दों का सफर’ जैसे सत्रों से रचनात्मकता दिखाएंगे।

**तमिल लोकनाट्य और संगीत ने बांधा समां**

इसी दिन ‘सारंग’ महोत्सव के अंतर्गत एफटीवी डिपार्टमेंट के कोर्ट यार्ड में तमिलनाडु से आए कलाकारों ने कूथु लोकनाट्य शैली में ‘पेन नदई कूथु महिलाओं की चाल’ नाटक प्रस्तुत किया। यह प्रस्तुति महिलाओं की जीवन यात्रा, संघर्ष और स्वतंत्र सोच का प्रतीक बनी। लाइव म्यूजिक, सामूहिक अभिनय और रंगीन वेशभूषा ने दर्शकों को आकर्षित किया। शाम को ‘मंडी हाउस द बैंड’ के संस्थापक देवेंद्र अहिरवार के निर्देशन में म्यूजिकल नाटक ‘जोर से प्यार लगा है’ ने थिएटर और संगीत का अनूठा अनुभव दिया।

## एमडीयू में इंटर कॉलेज ताइक्वांडो स्पर्धा शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के खेल परिसर में आज इंटर कॉलेज महिला एवं पुरुष ताईक्वांडो प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय से संबद्ध विभिन्न महाविद्यालयों के 250 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं।

प्रतियोगिता का उद्घाटन विश्वविद्यालय की खेल निदेशक डॉ. शकुंतला बेनीवाल ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सीमा देशवाल तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में सत्यनारायण ग्रेवाल उपस्थित रहे। ताईक्वांडो कोच अशोक कुमार ने बताया कि पहले दिन खेले गए प्रथम चरण के मुकाबलों में महिला वर्ग के पांच भार वर्गों तथा पुरुष वर्ग के तीन भार वर्गों के मुकाबले आयोजित किए गए। महिला वर्ग के +73 किलोग्राम भार वर्ग में ज्योति (टीका राम कॉलेज, सोनीपत) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि वैष्णवी (जीवीएम, सोनीपत) दूसरे स्थान पर रहीं। रिया (के.एल. मेहता कॉलेज, फरीदाबाद) ने तीसरा स्थान हासिल किया। महिला वर्ग के -53 किलोग्राम भार वर्ग में दीक्षा (एमकेजेके) विजेता रहीं, वंशिका राणा (जाट कॉलेज) उपविजेता बनीं, जबकि आशी (जीजीडीएस कॉलेज, पलवल) ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 67 किलोग्राम भार वर्ग में रिद्धिमा राणा (टीका राम कॉलेज, सोनीपत) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस वर्ग में हिमांशी (जीवीएम, सोनीपत) दूसरे स्थान पर रहीं, अक्षिता (सीआर लॉ कॉलेज) तीसरे स्थान पर रहीं। 73 किलोग्राम भार वर्ग में मान्या सहरावत (जाट कॉलेज) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। सिमरन (जीवीएम, सोनीपत) ने दूसरा, नेहा (टीका राम कॉलेज, सोनीपत) ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 62 किलोग्राम भार वर्ग में अर्चिका (नेकीराम कॉलेज) ने पहला स्थान प्राप्त किया। शारदा नाथ (जाट कॉलेज) दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि ऋतिका (के.एल. मेहता कॉलेज) तीसरे स्थान पर रहीं। अगले चरण के मुकाबले 11 फरवरी को होंगे।

### विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित

सांपला। मंगलवार को सर छोटूराम राजकीय महिला महाविद्यालय प्राचार्या डॉ संतोष हुड्डा के दिशा निर्देशन में खेल प्रभारी डॉ मांगेराम के नेतृत्व में अंतर कक्षा खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में शतरंज, बैडमिंटन तथा टेबल टेनिस खेल शामिल रहे। शतरंज में रिचा (बीए प्रथम वर्ष) ने प्रथम स्थान, खुशी (बीए प्रथम वर्ष) ने द्वितीय स्थान, तानिया (बीए द्वितीय वर्ष) और पायल (बीए तृतीय) वर्ष ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। बैडमिंटन में अंजलि (एम ए हिंदी) ने प्रथम स्थान, सपना (एम ए इतिहास) ने द्वितीय स्थान और खुशी (बीए प्रथम वर्ष)ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। टेबल टेनिस में अंजलि (एम ए हिंदी) ने प्रथम स्थान, भावना (बीए द्वितीय वर्ष) ने द्वितीय स्थान और अंशुल (बीए तृतीय वर्ष इतिहास ऑनर्स) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्या डॉ संतोष हुड्डा ने विजेताओं को प्रमाण पत्र व पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया । उन्होंने कहा कि खेल गतिविधियां छात्राओं के शारीरिक एवं मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है और छात्राओं को नियमित रूप से खेलों में भाग लेना चाहिए। खेल प्रभारी डॉ मांगेराम व अन्य स्टाफ सदस्यों ने विजेताओं को बधाई दी और उन्हें खेल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

## इंटर कॉलेज वुशू प्रतियोगिता के 60 किलो भारवर्ग में साहिल व प्रीति प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



इंटर कॉलेज पुरुष एवं महिला वुशू प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त प्रोफेसर धर्मपाल कुलरिया व अन्य कोच।

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक के डॉ. मंगल सेन इंडोर हॉल में आयोजित इंटर कॉलेज पुरुष एवं महिला वुशू प्रतियोगिता 2025–26 का आज सफलतापूर्वक समापन हो गया। प्रतियोगिता में विभिन्न महाविद्यालयों के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। समापन समारोह में सेवानिवृत्त प्रोफेसर धर्मपाल कुलरिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल युवाओं को अनुशासन, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच प्रदान करते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को जीवन में निरंतर खेलों से जुड़े रहने के लिए प्रेरित किया।

पुरुष वर्ग में 56 किलोग्राम भार वर्ग में देव (यूटीडी एमडीयू) ने प्रथम स्थान, उन्नत पालीवाल (डीएवी कॉलेज फरीदाबाद) ने द्वितीय स्थान, जबकि दवेश (गवर्नमेंट कॉलेज फरीदाबाद) एवं कुलदीप (जीजीडीएसडी कॉलेज पलवल) ने संयुक्त तृतीय स्थान प्राप्त किया। 60 किलोग्राम भार वर्ग में साहिल (एनआरएस गवर्नमेंट कॉलेज रोहतक) प्रथम, राजकुमार (गवर्नमेंट कॉलेज फरीदाबाद) द्वितीय तथा प्रशांत थापा (डीएवी कॉलेज फरीदाबाद) और अमन (हिंदू कॉलेज सोनीपत) संयुक्त तृतीय स्थान पर रहे। 65 किलोग्राम वर्ग में गौरव (जीबी डीएवी कॉलेज रोहतक) प्रथम, दीपांशु (गवर्नमेंट कॉलेज महम) द्वितीय, जबकि जयंत कुमार (यूटीडी एमडीयू) एवं प्रवीन कुमार (डीएवी कॉलेज फरीदाबाद) संयुक्त तृतीय रहे।

70 किलोग्राम भार वर्ग में रक्षित पंवार (जाट कॉलेज रोहतक) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, अमन कुमार (सीआर कॉलेज लॉ रोहतक) द्वितीय तथा रोहित (डीएवी कॉलेज फरीदाबाद) और केशव (हिंदू कॉलेज सोनीपत) संयुक्त तृतीय स्थान पर रहे।

महिला वर्ग में 52 किलोग्राम भार वर्ग में पलक (जाट कॉलेज रोहतक) प्रथम, दीक्षा (गवर्नमेंट कॉलेज मेहम) द्वितीय, जबकि अनुराधा (एमकेजेके रोहतक) और अन्नू सैनी (एग्रीकल्चर कॉलेज बल्लभगढ़) संयुक्त तृतीय स्थान पर रहीं।

60 किलोग्राम वर्ग में प्रीति (एमकेजेके रोहतक) ने प्रथम स्थान, रश्मि (एग्रीकल्चर कॉलेज बल्लभगढ़) ने द्वितीय स्थान, जबकि सीमा (गवर्नमेंट कॉलेज सांपला) एवं भूमि शर्मा (डीएवी कॉलेज फरीदाबाद) ने संयुक्त तृतीय स्थान हासिल किया।

### पठानिया प्रीमियम क्रिकेट लीग-11 में डेल्टा डायनामाइट्स बनी विजेता

**रोहतक।** पठानिया वर्ल्ड कैंपस में आयोजित ‘पीपीएल’-11 क्रिकेट प्रतियोगिता में कक्षा तीन से नौवीं तक की 36 टीमों के लगभग 460 खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का संचालन मनदीप ने किया, जबकि अंपायर की जिम्मेदारी इज्हार और सुमित राणा ने निभाई। कमेंट्री मनदीप बुधवार व विभु श्रीवास्तव ने की और ऑनलाइन स्कोरिंग का कार्य कमल शर्मा ने संभाला। स्कोरर की भूमिका अनिल दहिया व विक्की ने निभाई। प्रतियोगिता का शुभारंभ स्कूल को-फाउंडर वर्षा पठानिया ने टॉस करवाकर किया। कक्षा छह के मुकाबलों में अल्फा एवेंजर ने ब्रेवो ब्लास्टर को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। डेल्टा डायनामाइट्स ने इक्को ईगल्स को 7 रन से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में चार्ली चैंपियंस ने अल्फा एवेंजर को 9 विकेट से हराया। फाइनल में डेल्टा डायनामाइट्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 ओवर में 59 रन बनाए, जवाब में चार्ली चैंपियंस 42 रन ही बना सकी। अनिकेत मलिक बेस्ट बल्लेबाज, अभिनव बेस्ट ऑलराउंडर और वंश खत्री बेस्ट बॉलर रहे।

### दुहान पब्लिक स्कूल के छात्र हार्दिक ने नेशनल बॉक्सिंग में जीता गोल्ड मेडल



**रोहतक।** दुहान पब्लिक स्कूल जसिया के लिए गर्व का क्षण तब बना जब कक्षा 10 के छात्र हार्दिक पुत्र मनजीत ने एसजीएफआई नेशनल चैंपियनशिप की बॉक्सिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया। यह प्रतियोगिता राजीव गांधी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, सिंघु बॉर्डर, दिल्ली में आयोजित हुई, जिसमें देशभर के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने भाग लिया। हार्दिक ने अंडर-17 आयु वर्ग के 73 किलोग्राम भार वर्ग में दमदार खेल दिखाते हुए अपने प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़कर प्रथम स्थान हासिल किया। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय, परिवार और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों ने हार्दिक की सफलता को मेहनत और लगन का परिणाम बताया है। विद्यालय के निदेशक डॉ. अशोक दुहन ने हार्दिक को बधाई देते हुए कहा कि उसकी यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। विद्यालय प्रबंधन, प्रधानाचार्य और समस्त स्टाफ ने छात्र के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आगे भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की उम्मीद जताई।

### शिक्षा भारती स्कूल के शिक्षांत ने बॉक्सिंग में जीता कांस्य पदक



**रोहतक।** शिक्षा भारती वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गोहाना रोड, के लिए यह गर्व का विषय है कि विद्यालय के होनहार छात्र शिक्षांत (अंडर-19 वर्ग) ने 69वीं एसजीएफआई (स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया) बॉक्सिंग चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक हासिल किया है। शिक्षांत की इस उपलब्धि से विद्यालय, अभिभावकों और पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। प्रतियोगिता के दौरान शिक्षांत ने कड़े मुकाबलों में साहस, अनुशासन और बेहतरीन तकनीकी कौशल का प्रदर्शन किया। उसकी निरंतर मेहनत और खेल के प्रति समर्पण ने उसे इस मुकाम तक पहुंचाया है। विद्यालय परिसर में इस अवसर पर छात्र को सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार ने शिक्षांत को बधाई देते हुए कहा कि वह विद्यालय के लिए गौरव का प्रतीक है और अन्य छात्रों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगा। विद्यालय प्रबंधन ने उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### ‘राजा नल’ के सांग ने लूटी वाहवाही



**रोहतक।** अखिल भारतीय गौशाला पहरावर में वार्षिक उत्सव का शुभारंभ श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न समाजसेवियों और ग्रामीणों ने गौमाता की सेवा के लिए उदारतापूर्वक दान दिया। सांग उद्घाटन के अवसर पर राजेंद्र ठेकेदार ने 2,24,200 रुपये, कसार गांव की ओर से 1,70,200 रुपये, अशोक कुमार मायना ने 1,53,000 रुपये, रोहताश सिंह ने 1,31,000 रुपये, प्रो. रामेश्वर शर्मा पहरावर, दयानंद कौशिक इंदरगढ़ और राजू ठेकेदार पहरावर ने 1,11,000-1,11,000 रुपये तथा गोविंद कौशिक पहरावर ने 1,00,101 रुपये का सहयोग दिया। गौशाला प्रधान नरेश शर्मा ने बताया कि एक दिन में 12,12,400 रुपये का दान प्राप्त हुआ, जबकि 4 फरवरी से 10 फरवरी तक कुल 76,71,383 रुपये दान एकत्रित हो चुका है। कार्यक्रम के तहत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी आकर्षण का केंद्र रहीं। विष्णुदत्त द्वारा प्रस्तुत ‘राजा नल’ के सांग ने दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी। उत्सव 15 फरवरी तक जारी रहेगा।

## श्री खाटू श्याम फाल्गुन निशान यात्रा व धार्मिक स्थलों के लिए बस सेवा शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

श्रीं श्याम सर्व सेवा परिवार द्वारा भक्तों की सुविधा और सुरक्षित यात्रा को ध्यान में रखते हुए सालासर बालाजी, दादी रानी सती, खाटू श्याम फाल्गुन निशान यात्रा एवं मनोकामना पूर्ण मां लक्ष्मी देवी मंदिर के लिए विशेष बस सेवा का संचालन किया गया। फाल्गुन निशान यात्रा के पावन अवसर पर रींगस निशान भवन में विधिवत निशान पूजा संपन्न हुई। इसके उपरांत ढोल-नगाड़ों, डीजे की मधुर धुनों और गुलाल संग होली खेलते हुए भव्य निशान यात्रा का समापन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लवलीन टुटेजा, मनोज गर्ग ने बस को हरी झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना किया। एमटीएफसी संस्था कन्हेली रोड के संचालक नरेश ढल ने भी संस्था के आह्वान पर कुछ बच्चों को इस यात्रा में सम्मिलित करवाया। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि यात्रा के दौरान प्राथमिक चिकित्सा, सुरक्षा तथा सभी बसों में स्वयंसेवकों की टीम द्वारा निरंतर सेवा उपलब्ध कराई गई।

### सूर्य नमस्कार अभियान का शुभारंभ



**रोहतक।** श्री लाल नाथ हिन्दू महाविद्यालय में हरियाणा योग आयोग और आयुष विभाग के सहयोग से महाविद्यालय के योग प्रशिक्षण प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित त्रिदिवसीय सूर्य नमस्कार अभियान-2026 का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार तनेजा ने की। योग प्रशिक्षण प्रकोष्ठ की समन्वयिका अनिला बठला ने बताया कि यह अभियान 10 फरवरी से 12 फरवरी तक चलेगा, जिसमें विद्यार्थियों और स्टाफ को नियमित रूप से सूर्य नमस्कार और योग का अभ्यास कराया जाएगा। उद्घाटन सत्र में प्राचार्य डॉ. तनेजा ने कहा कि योग आज के समय में जीवन का अत्यंत आवश्यक हिस्सा बन चुका है और इसे विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रतिदिन योग करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि इससे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बेहतर रहता है। कार्यक्रम के दौरान डॉ. हरदीप सिंह और मौसम के निर्देशन में सूर्य नमस्कार और प्राणायाम का अभ्यास कराया गया।

### खबर संक्षेप



#### राष्ट्रीय खेल विजेता यशिका सैनी का स्वागत

**रोहतक।** उत्तराखंड में 38वें राष्ट्रीय खेलों में हरियाणा जिमनास्टिक टीम का प्रतिनिधित्व करने वाली प्रतिभाशाली खिलाड़ी यशिका सैनी का सैनी एजुकेशन सोसाइटी में प्रबंधक कमेटी द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। यशिका अपने कोच वीरेंद्र सैनी और माता-पिता के साथ संस्था के कार्यालय पहुंचीं, जहां प्रधान अविनाश कुमार सैनी ने फूलमालाएं पहनाकर व मिठाई खिलाकर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं। यशिका सैनी संस्था द्वारा संचालित सैनी कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल की पूर्व छात्रा हैं और उन्होंने यहीं से 12वीं की शिक्षा प्राप्त की है। उनकी इस उपलब्धि पर संस्था के सदस्यों और विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

#### हरियाणा की बेटी दृष्टि कौशिक ने राष्ट्रीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता में जीता रजत पदक



**रोहतक।** हरियाणा की उभरती हुई प्रतिभाशाली खिलाड़ी दृष्टि कौशिक ने आईडब्ल्यूएफ राष्ट्रीय भारोत्तोलन चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए 63 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक अपने नाम किया। यह प्रतियोगिता उत्तर प्रदेश के मोदीनगर में 3 से 14 फरवरी तक आयोजित की जा रही है, जिसमें देशभर के बेहतरीन खिलाड़ियों ने भाग लिया। दृष्टि ने हरियाणा टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए अपने दमदार खेल और बेहतरीन तकनीक से सभी का ध्यान आकर्षित किया। उनकी इस उपलब्धि से न केवल हरियाणा टीम बल्कि उनके परिवार और क्षेत्रवासियों में भी खुशी का माहौल है। खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों ने दृष्टि की सफलता को राज्य के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया है।

#### डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल में ग्रैंडपेरेंट्स कार्निवल–2026 उत्साह के साथ संपन्न



**रोहतक।** डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल दिल्ली रोड में ग्रैंडपेरेंट्स कार्निवल का आयोजन हर्षोल्लास और भावनात्मक माहौल के बीच किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों, शिक्षकों, अभिभावकों के साथ दादा-दादी और नाना-नानी की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया। कार्यक्रम की शुरुआत तिलक समारोह से हुई, जिसके बाद पवित्र हवन और वृक्षारोपण किया गया, जो पीढ़ियों के स्नेह और संरक्षण का प्रतीक रहा।

MANSAROVER HOSPITAL
MULTI SUPER SPECIALITY HOSPITAL
NEAR PNB BANK, OPP. VIKAS NAGAR, SONIPAT ROAD, ROHTAK, HARYANA
RECEPTION: 01262-253500, 9053005599, 9254302848
REQUIRES
- BAMS 2
- RMO 2
- PRO 2
- NURSING STAFF 4
- ACCOUNTANT 1
- COMPUTER OPERATOR 2
- RECEPTION 2
- WARD BOY 4
- SWEEPER 2

**समीक्षा** ताकि बाहर आकर मुख्य धारा में शामिल हो सकें बंदी

# जेल में बंदियों को करवाएं व्यावसायिक कोर्स :डीसी

■ सफाई अभियान चला उत्कृष्ट कार्य करने वाले बंदी किए जाएं सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



रोहतक। जिला कारागार में सुरक्षा प्रबंधों की जानकारी लेते उपायुक्त सचिन गुप्ता ।

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि जिला कारागार के बंदियों को स्वरोजगार के लिए लघु अवधि के व्यावसायिक कोर्स करवाये जायें ताकि वे कारागार से बाहर आकर मुख्यधारा में शामिल हो सके। कारागार में सफाई अभियान भी चला कर उत्कृष्ट कार्य करने वाले बंदियों को सम्मानित किया जाये। डीसी मंगलवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में जिला कारागार में उपलब्ध सुविधाओं एवं आयोजित की जा रही गतिविधियों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने जिला कारागार में सुरक्षा प्रबंधों की भी जानकारी ली। गुप्ता ने कहा कि पंजाब नेशनल बैंक तथा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों द्वारा कारागार में बंदियों को लघु अवधि के व्यावसायिक कोर्स करवाये जाये ताकि वे जेल से बाहर आकर स्वरोजगार अपनाकर मुख्यधारा में शामिल हो सके।

डीसी ने कहा कि हर वर्ष जिला कारागार के बंदियों द्वारा बनाये गए उत्पादों को सूरजकुंड हस्तशिल्प मेला में बिक्री के लिए भेजा जाता है। एक जेल-एक उत्पाद की दिशा में भी कार्य किया जाये तथा बंदियों द्वारा बनाये गए उत्पादों को ऑनलाइन बिक्री की भी संभावनाएं तलाशी जाये। गुप्ता ने कहा कि जिला कारागार में रखे गए बंदियों के आधार कार्ड बनवाने के लिए आधार कार्ड पंजीकरण शिविर आयोजित किया।

द जाये ताकि अब तक आधार कार्ड बनवाने से वंचित रहे बंदियों के आधार कार्ड बनवाये जा सके। उन्होंने कहा कि बंदियों की मनोचिकित्सक से काउंसलिंग भी करवाई जाये। संचारी रोगों से पीड़ित बंदियों को अन्य बंदियों से अलग रखा जाये तथा निर्धारित अवधि में बंदियों के स्वास्थ्य की जांच करवाई जाये।

### सांघी गांव की आंगनबाड़ी का कराया पुनर्निर्माण

**रोहतक।** सांघी गांव के बाजार स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) द्वारा कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) योजना के तहत पुनर्निर्माण कराया गया। इस पहल से आंगनवाड़ी केंद्र की आधारभूत सुविधाओं में सुधार हुआ है, जिससे बच्चों और महिलाओं को बेहतर वातावरण मिल सकेगा। कार्यक्रम के दौरान एसबीआई सांघी शाखा के प्रबंधक संदीप कुमार, रीजनल ऑफिस रोहतक से चीफ मैनेजर निशा मालिक, ब्लॉक समिति चेयरमैन खुशी राम हुड्डा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मंजू और उनका स्टाफ उपस्थित रहा। चीफ मैनेजर निशा मालिक ने बताया कि बैंक सामाजिक जिम्मेदारी के तहत समय-समय पर ऐसे जनहितकारी कार्य करता रहता है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य और बच्चों के विकास को बढ़ावा मिल सके।

### लोग खरीद कर पी रहे पानी, सुखपुरा चौक पर पुल निर्माण के कारण टूटी लाइनें

# लाढ़ौत रोड पर बदबूदार और मिट्टी वाले पानी की सप्लाई सेहत पर भारी

- *कई जगह टूटी हुई हैं पीने के पानी की लाइन*
- *लाढौत रोड पर सड़क के दोनों ओर बिछाई जा रही हैं टाइलें*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक


रोहतक। निर्माणाधीन पुल के पास बहता हुआ पानी। फोटो :हरिभूमि


रोहतक। लाढ़ौत रोड पर ऐसा आ रहा पानी।

लाढ़ौत रोड पर इन दिनों दूषित पेयजल की आपूर्ति से स्थानीय लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालात यह हैं कि कभी नलों से बदबूदार पानी आ रहा है तो कभी मिट्टी मिला गंदा पानी सप्लाई किया जा रहा है। मजबूरन, लोगों को पीने का पानी बाजार से खरीद कर पीना पड़ रहा है, जिससे उन पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ भी बढ़ गया है।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि पिछले कई दिनों से पानी की गुणवत्ता बेहद खराब है। कई घरों में नल खोलते ही दुर्गंध फैल जाती है, वहीं कुछ स्थानों पर पानी में मिट्टी और गंदगी साफ दिखाई देती है। इस दूषित पानी से बीमारियों का खतरा भी मंडरा रहा है, खासकर बच्चों और बुजुर्गों के स्वास्थ्य को लेकर लोग चिंतित हैं। लोगों ने जन स्वास्थ्य विभाग से समस्या के समाधान की मांग की है।

### ठेकेदारों ने टूटी लाइनों की नहीं करवाई मरम्मत

■ लाढ़ौत रोड पर चल रहे विभिन्न विकास कार्य भी इस समस्या की बड़ी वजह माने जा रहे हैं। सुखपुरा चौक पर पुल निर्माण का कार्य प्रगति पर है, जिसके चलते आजादगढ़ तक सड़क की खुदाई की गई है। इसी दौरान कई स्थानों पर पीने के पानी की लाइनें टूट गई हैं। आरोप है कि ठेकेदारों द्वारा लाइन टूटने के बावजूद समय पर मरम्मत नहीं कराई गई, जिससे गंदा पानी पाइपलाइन में प्रवेश कर रहा है।

### जलापूर्ति व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित

इसके अलावा लाढ़ौत रोड पर सड़क के दोनों ओर टाइल बिछाने का काम भी चल रहा है। लगातार खुदाई और निर्माण कार्य के कारण जलापूर्ति व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो गई है। इसके कारण भारी परेशानियों को सामना करना पड़ रहा है।

### कई बार कर चुके शिकायत

स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने कई बार संबंधित विभाग के अधिकारियों को इस समस्या से अवगत कराया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। लोगों ने मांग की है कि जल्द से जल्द क्षतिग्रस्त पाइपलाइन को दुरुस्त किया जाए और शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। नहीं तो दूषित पानी के सेवन से डायरिया, पीलिया और अन्य जलजनित बीमारियां फैल सकती हैं।



### याद बहुत आते हैं वो दिन...

# हालात को नहीं बनने दिया राह का रोड़ा, यही सफलता का मूल मंत्र

*सीनियर सिटीजन क्लब के सदस्य शिव किशोर वर्मा, रिटायर्ड कर्मचारी ने बताया कि मैं कभी सुर्खियों में रहने वाला व्यक्ति नहीं रहा। मेरी जिंदगी शोर से दूर, जिम्मेदारियों के बीच बीती। मैंने हमेशा यही माना कि असली पहचान पद या नाम से नहीं, बल्कि अपनेपन और संतोष से बनती है। सीमित साधनों में परिवार को आगे बढ़ाना, अपनों के सपनों को अपनी जरूरतों से पहले रखना और रिश्तों को संभालना मेरी प्राथमिकता रही। आज जब पीछे मुड़कर देखता हूं तो एहसास होता है कि सबसे बड़ी कमाई सम्मान और सुकून है।*

वैश्य कॉलेज, रोहतक से सेवानिवृत्त कर्मी शिव किशोर वर्मा की जीवन कहानी संघर्ष, त्याग और जिम्मेदारी की सजीव मिसाल है। बचपन से ही पारिवारिक दायित्वों का भार उनके कंधों पर आ गया था, लेकिन उन्होंने हालात को कभी अपनी राह का रोड़ा नहीं बनने दिया। सीमित साधनों के बीच मेहनत और ईमानदारी को अपना हथियार बनाकर उन्होंने न सिर्फ अपनी नौकरी को पूरी निष्ठा से निभाया, बल्कि परिवार की नींव को भी मजबूत किया। अपने भाइयों की पढ़ाई, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और भविष्य की चिंता उन्होंने अपने सपनों से ऊपर रखी। आज सभी भाई सरकारी सेवाओं में हैं, जो उनके त्याग का जीवंत प्रमाण है।


**शिव किशोर वर्मा**
रिटायर्ड कर्मचारी



### बेटियां परिवार की सबसे बड़ी ताकत

बचपन से ही जिम्मेदारियों का बोझ उठाने वाले शिव किशोर ने कठिन परिस्थितियों में भी कभी हार नहीं मानी। सेवा काल में सादगी, मिलनसार स्वभाव और कर्तव्यनिष्ठा के लिए पहचाने गए। सेवानिवृत्ति के बाद उनका जीवन रिश्तों की गर्माहट से भरा है। उनकी पांच बेटियां ही उनकी सबसे बड़ी पूंजी हैं। बेटे के अभाव को उन्होंने कभी कमी नहीं माना। बेटियों और दामादों से मिलने वाला प्रेम और सम्मान उन्हें भावुक कर देता है। धार्मिक और पर्यटन यात्राओं ने उनके जीवन में नई ऊर्जा भरी है। उनका जीवन आज समाज को यह संदेश देता है कि बेटियां बोझ नहीं, बल्कि परिवार की सबसे बड़ी ताकत होती हैं। वे भावुक होकर कहते हैं कि उनकी बेटियां उन्हें बेटों से भी ज्यादा प्यार करती हैं और हर सुख-दुख में उनके साथ खड़ी रहती हैं।

### कभी हार नहीं मानी



मैंने अपने जीवन में कई तरह के संघर्षों और कठिन परिस्थितियों का सामना किया, लेकिन कभी हार नहीं मानी। मैंने सीमित साधनों के बावजूद निजी नौकरी करते हुए अपने परिवार की जिम्मेदारियां पूरी निष्ठा और मेहनत से निभाईं। जीवन में संघर्ष जरूर आए, लेकिन धैर्य, ईमानदारी और मेहनत ने हमेशा आगे बढ़ने की ताकत दी। **-भगवान दास शर्मा**

### युद्ध की यादें जीवंत



1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में देश की रक्षा करते हुए दुश्मन के खिलाफ मोर्चा संभाला और अदम्य साहस का परिचय दिया। संसाधनों की कमी और कठिन परिस्थितियों के बावजूद राष्ट्र सेवा को सर्वोपरि रखा। युद्ध की यादें आज भी दिल में जीवंत हैं, लेकिन गर्व है कि हमने मातृभूमि के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ दिया। **-रणधीर सिंह**, आर्मी से सेवानिवृत्त

### मजे में जिंदगी



गांव में रहकर पढ़ाई करना आसान नहीं था, फिर भी कठिन परिस्थितियों में शिक्षा को अपना हथियार बनाया। मेहनत, लगन और अनुशासन के बल पर सिचाई विभाग में नौकरी पाने में सफल रहे। नौकरी के दौरान ईमानदारी व जिम्मेदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया। **-वेदपाल हुड्डा**, सिंचाई विभाग से सेवानिवृत्त

## खबर संक्षेप

### धर्मेंद्र जिला सचिव नियुक्त किए

**रोहतक।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा जारी सूची में रिटौली गांव के धर्मेंद्र को जिला का सचिव नियुक्त किया। इन्होंने अपनी नियुक्ति पर नेता प्रतिपक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा,प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष राव नरेन्द्र सिंह,सांसद दीपेन्द्र सिंह हुड्डा, कलानौर ने विधायक शकुन्तला खटक व जिला कांग्रेस कमेटी(ग्रामीण) के अध्यक्ष बलवान रंगा का आभार व्यक्त किया है।

### हड़ताल में शामिल होंगे एमडीयू कर्मचारी

**रोहतक।** मंगलवार को गैर शिक्षक कर्मचारी संघ महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक की कार्यकारिणी की बैठक संघ कार्यालय में सुबह 11 बजे प्रधान सुरेश कौशिक की अध्यक्षता में हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि 12 फरवरी को राष्ट्रव्यापी हड़ताल के समर्थन विश्वविद्यालय में पूर्णतया हड़ताल रखी जाएगी।

# शहर को स्वच्छ बनाने के लिए निगम सख्त

■ रात में भी बाजारों और मुख्य सड़कों पर होगी सफाई, गंदगी फैलाने वालों का होगा चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक


रोहतक। स्वच्छता शाखा के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ समीक्षा बैठक लेते निगम आयुक्त डॉ आनंद कुमार शर्मा । फोटो :हरिभूमि

नगर निगम शहर की स्वच्छता व्यवस्था को लेकर पूरी तरह गंभीर है और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसी क्रम में स्वच्छता शाखा के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ एक विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें शहर की सफाई व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए कई अहम निर्देश जारी किए गए। निगम आयुक्त डॉ आनंद कुमार शर्मा ने बैठक के दौरान यह निर्देश जारी किए।

बैठक में आयुक्त ने निर्देश दिए कि निगम क्षेत्र में दिन के साथ-साथ रात के समय भी सफाई कार्य सुनिश्चित किया जाए। विशेष रूप से बाजार क्षेत्रों, मुख्य सड़कों, चौक-चौराहों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में नियमित और व्यवस्थित सफाई करवाई जाए, ताकि आमजन को स्वच्छ वातावरण मिल सके। उन्होंने कहा कि गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और यदि कोई व्यक्ति सार्वजनिक स्थलों पर कचरा फेंकता या निर्माण सामग्री फैलाता पाया जाए, तो उसका मौके पर ही चालान किया जाए।

### भीड़ भाड़ वाले क्षेत्रों में लगाए जाएंगे डस्टबिन

आयुक्त ने यह भी बताया कि शहर के सार्वजनिक स्थलों, बाजार क्षेत्रों, बस क्यू शैल्टर, धार्मिक स्थलों के आसपास और अन्य भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पर्याप्त संख्या में डस्टबिन लगाए जाएंगे। इसके साथ ही डस्टबिन की नियमित सफाई, समय पर कचरा उठान और उनके रख-रखाव की जिम्मेदारी भी तय की जाएगी, ताकि खुले में कचरा फैलने की समस्या पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके। बैठक में स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के मानकों के अनुरूप सभी कार्यों का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

### जागरूकता अभियान चलाए जा रहे

नगर निगम द्वारा आमजन में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए भी लगातार अभियान चलाया जा रहा है। निगम की टीमें प्रतिदिन बाजार क्षेत्रों, सार्वजनिक स्थलों और शिक्षण संस्थानों में जाकर कचरा प्रबंधन, गंदगी न फैलाने और प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग न करने के प्रति लोगों को जागरूक कर रही हैं। बैठक में संयुक्त आयुक्त नमिता कुमारी, कार्यकारी अभियंता मंजीत दहिया, सहायक अभियंता सत्यव्रत, मुख्य सफाई निरीक्षक सुधीर कुमार सहित निगम के अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एमडीयू के इमसार में मेगा जॉब फेयर का शुभारंभ


रोहतक। मेगा जॉब फेयर के दौरान विद्यार्थियों के साथ सीसीपीसी निदेशक प्रो. दिव्या मल्हान,सीसीपीसी उपनिदेशक प्रो. सविता राठी,इमसार निदेशक प्रो. प्रदीप अहलावत व अन्य प्रोफेसर। फोटो :हरिभूमि

■ सीसीपीसी व इमसार के संयुक्त तत्वावधान में 40 से अधिक कंपनियां, 2000 से ज्यादा नौकरियों के अवसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज एंड रिसर्च (इमसार) परिसर में मंगलवार को मेगा जॉब फेयर 2026 का प्रभावशाली शुभारंभ हुआ। इस कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन करियर काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट सेल (सीसीपीसी), एमडीयू तथा ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिस, इमसार के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। चार दिवसीय यह रोजगार मेला 13 फरवरी 2026 तक चलेगा।

सीसीपीसी निदेशक प्रो. दिव्या मल्हान ने बताया कि मेगा जॉब फेयर में देश की 40 से अधिक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय और बहुराष्ट्रीय कंपनियां भाग ले रही हैं, जो विभिन्न क्षेत्रों में 2000 से अधिक रोजगार अवसर उपलब्ध करा रही हैं। इसमें स्नातक, स्नातकोत्तर, अंतिम वर्ष के विद्यार्थी एवं पीएचडी शोधार्थी बड़ी संख्या में भाग ले रहे हैं। यह आयोजन विद्यार्थियों को उद्योग जगत से सीधा संवाद स्थापित करने और अपने करियर को सशक्त दिशा देने का महत्वपूर्ण मंच प्रदान कर रहा है।

### यूनिवर्सिटी आउटरीच प्रोग्राम पर कार्यक्रम


रोहतक। आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते निदेशक, यूनिवर्सिटी आउटरीच प्रोग्राम प्रो. अंजू धीमान। फोटो :हरिभूमि

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के यूनिवर्सिटी आउटरीच प्रोग्राम (यूओपी) कार्यालय द्वारा फैकल्टी डेवलपमेंट सेंटर में यूनिवर्सिटी आउटरीच प्रोग्राम ऐप पर एक ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विभागीय समन्वयकों, शोधार्थियों तथा विश्वविद्यालय शिक्षण विभागों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य सामाजिक कल्याण और सामुदायिक सहभागिता से जुड़े प्रोजेक्ट्स के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु ऐप के तकनीकी संचालन को सरल बनाना था। निदेशक, यूनिवर्सिटी आउटरीच प्रोग्राम प्रो. अंजू धीमान ने कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह ऐप विश्वविद्यालय और समाज के बीच एक सशक्त डिजिटल सेतु के रूप में कार्य करेगा। उन्होंने 'कम्युनिटी एंगेजमेंट एंड सर्विस' तथा 'फोस्टरिंग सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी थ्रू कम्युनिटी एंगेजमेंट' विषय पर चार क्रेडिट पाठ्यक्रम की जानकारी भी साझा की, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व विकसित करना है। यूनिवर्सिटी कंप्यूटर सेंटर के सुमित ने ऐप की तकनीकी कार्यप्रणाली का प्रदर्शन करते हुए इंस्टॉलेशन, लॉगिन, मेंटर आवंटन तथा फील्ड वर्क से संबंधित दस्तावेज, वीडियो और यूआरएल अपलोड करने की प्रक्रिया समझाई। उन्होंने प्रतिभागियों के तकनीकी प्रश्नों का समाधान भी किया।

### भारत-अमेरिका समझौते की प्रतिलिपियां जलाई

**रोहतक।** भारत और अमेरिका के बीच हुए व्यापार समझौते का संयुक्त किसान मोर्चा के प्रमुख घटक ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन ने विरोध किया है। मंगलवार को शीला बाइपास पर समझौते की प्रतिलिपि जलाई। इस मौके पर संगठन के अध्यक्ष प्रदेशाध्यक्ष अनूप सिंह मातनहेल ने कहा कि इसे तुरंत रद किया जाए। उन्होंने कहा कि बड़े-बड़े पूंजीपतियों के आर्थिक लाभ को मद्देनजर केंद्र सरकार ने ये समझौता किया है। मातनहेल ने भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते की घोषणा को किसानों के साथ ऐतिहासिक विश्वासघात व धोखाधड़ी बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने 15 अगस्त को लाल किला की प्राचीर से देश को जो भरोसा दिया था, उस पर वे खरे नहीं उतरे और भारत के बड़े पूंजीपति कारपोरेट घरानों के स्वार्थ में देश की कृषि व किसान हितों की बलि चढ़ा दी। इसके पीछे किसानों की कीमत पर अंबानी-अडानी जैसे एकाधिकारी पूंजीपतियों को अमरीकी साम्राज्यवादियों के साथ मिलकर विश्व बाजार में लूट-खसोट करने का रास्ता उपलब्ध कराना भी है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

### बर्तोल्त ब्रेख्त की 128वीं जयंती मनाई



**रोहतक।** हरकिशन मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रांगण में जनवादी लेखक संघ ने जर्मन साहित्यकार बर्तोल्त ब्रेख्त की 128वीं जयंती के मनाई गई। गोष्ठी में 'आज का दौर और ब्रेख्त' विषय पर चर्चा हुई। गोष्ठी की शुरुआत में जनवादी लेखक संघ के कार्यकारिणी सदस्य और हरियाणा के प्रसिद्ध कवि रामधारी खटकड़ को श्रद्धांजलि दी गई। रामधारी खटकड़ ऐसे जन कवि थे जो लोगों के बीच जाकर रागनी गाते थे। जनवादी लेखक संघ की सचिव मनीषा ने कहा कि ब्रेख्त के लेखन ने आम लोगों के जीवन को अपने नाटकों में प्रस्तुत किया उन्होंने धारा के विपरीत नाटक लिखे। ब्रेख्त ने जर्मनी में अपने जीवन में जो कुछ भी देखा उसे पर उन्होंने अपने नाटकों में लिखा। गोष्ठी में मुख्य वक्ता प्रोफ़ेसर वी. बी. अबरोल ने अपनी बातचीत की शुरुआत करते हुए का कि पहले विश्व युद्ध का दौर था, उसके दौरान ब्रेख्त को फौज में भी शामिल होना पड़ा जहां उन्होंने युद्ध का जो माहौल देखा उसका उनके दिल पर गहरा प्रभाव पड़ा। प्रो. अबरोल ने उस समय को आज के समय के साथ जोड़ते हुए कहा कि आज के हालात भी खतरनाक हैं। आज भी व्यक्ति का मूलभूत मुद्दों से ध्यान भटकाया जा रहा है। आज भी आर्थिक हालात में बदलाव नहीं आया है और देश के बड़े उद्योगपति व्यवस्था को अपने हिसाब से चलाने का प्रयास कर रहे हैं। पूरी व्यवस्था का निर्माण वही कर रहे है और दुनिया के हर लोकतांत्रिक देश में यही हो रहा है।

# सैकडों एकड़ में अब भी जमा बरसाती पानी, नहीं हो सकी गेहूं की बिजाई

■ किसानों ने सरकार से क्षतिपूर्ति पोर्टल खोलने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम


महम। गांव सैमाण के खेतों में जमा बरसाती पानी दिखाते किसान।

मानसूनी सीजन में हुई तेज बरसात की वजह से हुए जलभराव के चलते सैमाण गांव की सैकड़ों एकड़ कृषि भूमि बिना बिजाई के खाली रह गई है। गेहूं, चारा और अन्य फसलों की बिजाई नहीं हो पाई। खेतों में पानी भरा हुआ है या फिर दलदल की स्थिति हैं। किसान फसल की बिजाई न होने की वजह से सरकार से खाली जमीन के मुआवजे की मांग कर रहे हैं।

मुआवजा लेने के लिए वे क्षतिपूर्ति पोर्टल पर ब्यौरा अपलोड करना चाहते हैं। लेकिन क्षतिपूर्ति पोर्टल बंद होने की वजह से वे जमीन का ब्यौरा अपलोड नहीं कर पा रहे। किसानों ने प्रदेश सरकार से क्षतिपूर्ति पोर्टल खोलने की मांग की है। किसानों का कहना है बारिश के सीजन में जो फसलें खेतों में थी, वे तो बरसाती पानी से बबार्द हो गई। अब आगे बिजाई नहीं हुई। जिसके चलते उनको भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। इसकी भरपाई के लिए उन्हें मुआवजा दिया जाना चाहिए। किसानों ने खेतों की गिरदावरी करवाए जाने की मांग की है।


रोहतक। पुष्प सज्जा को देखती छात्रा। फोटो :हरिभूमि

### एमडीयू में 15 फरवरी को सजेगी 'रंग बहार-पुष्प प्रदर्शनी'

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय द्वारा स्वर्ण जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में 15 फरवरी को रंग बहार-पुष्प प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया जायेगा। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय परिसर स्थित एफडीसी लॉन में प्रातः 8 बजे से सायं 5 बजे तक आयोजित होगा। पुष्प प्रेमियों, विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा आमजन के लिए यह प्रदर्शनी प्रकृति, सौंदर्य और रचनात्मकता का एक अनूठा संगम प्रस्तुत करेगी। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह की प्रेरणा से आयोजित इस प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना, पुष्प सज्जा एवं बागवानी की कला को प्रोत्साहित करना तथा युवाओं को सृजनात्मक गतिविधियों से जोड़ना है। आयोजन समिति के अनुसार यह कार्यक्रम न केवल सौंदर्यात्मक अनुभव प्रदान करेगा, बल्कि समाज में हरियाली और प्रकृति प्रेम का संदेश भी देगा।पुष्प प्रदर्शनी के दौरान विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे, जिनमें लोक संस्कृति और कला की झलक देखने को मिलेगी। इसके साथ ही सजावटी सामग्री तथा जैविक उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी, जो पर्यावरण हितैषी जीवनशैली को बढ़ावा देने में सहायक होगी।

### राष्ट्रीय कांफ्रेंस में प्रस्तुत किया रिसर्च पेपर

# डाइटरी प्रबंधन अस्पताल का अहम हिस्साः निदेशक

■ सीनियर प्रोफेसर डॉक्टर सुखबीर सिंह को किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी लखनऊ में प्रथम पुरस्कार से नवाजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



पीजीआईएमएस के अस्पताल प्रबंधन विभाग के सीनियर प्रोफेसर डॉक्टर सुखबीर सिंह को 7 से 8 फरवरी तक किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी लखनऊ में आयोजित राष्ट्रीय कांफ्रेंस में पेपर प्रस्तुत करने पर प्रथम पुरस्कार से नवाजा गया है। डॉ सुखबीर सिंह की इस उपलब्धि पर निदेशक डॉक्टर एस के सिंघल ने बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने यह अवार्ड प्राप्त करके संस्थान का नाम रोशन किया है।

### डॉ. सुखबीर को राष्ट्रीय कांफ्रेंस में मिला प्रथम पुरस्कार

डॉक्टर सुखबीर सिंह ने बताया कि 7 से 8 फरवरी को केजीएमयू लखनऊ में 11वीं सेफ एंड सस्टेनेबल हॉस्पिटल सैश की राष्ट्रीय कांफ्रेंस का आयोजन किया गया था। इस कांफ्रेंस में संस्थान की तरफ से उन्होंने हिस्सा लिया था। डॉ सुखबीर ने बताया कि कांफ्रेंस के दौरान फैकल्टी की श्रेणी में उन्होंने अपना पेपर प्रस्तुत किया था जिसका विषय डाइटरी सर्विसेज इन हॉस्पिटल रहा। डॉ सुखबीर ने बताया कि कांफ्रेंस में इस पेपर को फैकल्टी श्रेणी में काफी सराहा गया और उसे प्रथम पुरस्कार से नवाजा गया। उन्होंने अपने इस पेपर में बताया था कि इन हाउस डाइटरी सर्विसेज में 200 मरीजों पर उन्होंने सेटिस्फेक्शन सर्वे करवाया था। इस सर्वे में बताया था कि डाइटरी सर्विसेज में और क्या बेहतरीन हो सकता है वही इस सर्वे के दौरान मरीज से उनके संतुष्टि के अनुभव भी लिए गए। डॉ सुखबीर ने बताया कि इस सर्वे के परिणामों से पता चला कि मरीजों को डाइटरी सर्विसेज से काफी संतुष्ट हैं, लेकिन कुछ क्षेत्रों में सुधार की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि इस पेपर को प्रस्तुत करने का उद्देश्य अस्पतालों में डाइटरी सर्विसेज को बेहतर बनाना है ताकि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। निदेशक डॉक्टर एस के सिंघल ने डॉ सुखबीर सिंह की इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने यह अवार्ड प्राप्त करके संस्थान का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि डॉ सुखबीर सिंह की इस उपलब्धि से संस्थान में खुशी का माहौल है और यह संस्थान के लिए गर्व की बात है। डॉक्टर सिंघल ने कहा कि अस्पताल में मरीजों की डाइट बहुत ही अहम हिस्सा होती है इस प्रकार की रिसर्च से मरीजों की डाइट सुधारने में काफी मदद मिलती है।

### मांगों को लेकर नगर पालिका कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

**महम।** मंगलवार को नगर पालिका कर्मचारियों ने एक बैठक आयोजित की। इस दौरान उन्होंने विरोध प्रदर्शन किया और मांगों को लेकर प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। कर्मचारियों ने कहा कि अखिल भारतीय कर्मचारी संघ के नेताओं की अगुवाई में 12 फरवरी को होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल में महम नगर पालिका के कर्मचारी बढ़ चढ़कर भाग लेंगे। नगर पालिका राज्य संगठन के कार्यकर्ता राजकुमार ने 2014 में भाजपा सरकार ने जो वादे किए थे उनको पूरा नहीं किया गया है और अब यह सरकार चार नए लेबर कानून लेकर आई है। कर्मचारी इन लेबर कानूनों के खिलाफ हैं। सरकार के खिलाफ हमें एक दिन की हड़ताल की बजाय और भी हड़तालें क्यों न करनी पड़े तो हम तैयार हैं। नगर पालिका कर्मचारियों की मांग है कि जो कर्मचारी ठेके पर लगे है उन्हें पक्का किया जाए। समान काम समान वेतन दिया जाए। पुरानी पेंशन स्कीम को बहाल किया जाए और नई पेंशन स्कीम लागू की जाए। सुप्रीम कोर्ट व हाई कोर्ट ने आदेश दिया है कि जिन कर्मचारियों को 10 साल हो चुके हैं उन्हें पक्का किया जाए। लेकिन सरकार उन्हें निकलने का काम कर रही है। सर्व कर्मचारी संघ व नगर पालिका कर्मचारी संघ पहले भी हरियाणा सरकार को नोटिस दे चुकी है। नगर पालिका कर्मचारी संघ 12 फरवरी को राष्ट्र व्यापी हड़ताल को सफल बनाने का करेगी।